# केन्द्रीय विद्यालय पिकेट

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा (सितंबर-2022)

**कक्षा - चौथी _____ विषय - हिन्दी अंक - 80**

**नाम - ______________________ रोल न. - _____ समय - 2 घंटे**

| पठन (20) | पद्य-गद्य (10) | व्याकरण (15) | सृजनात्मक लेखन (10) | वर्तनी (10) | शब्दकोश (10) | सुलेख (5) | कुल (80) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

## <u>पठन</u> (20)

**क) गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर/विकल्प चुनो । (प्रश्न 1-10 तक)**

सुबह का समय था | अमन बिस्तर से उठा और नल खोल कर मंजन करने लगा | वह काफी देर से मंजन कर रहा था | लेकिन फिर भी उसने नल बंद नहीं किया | देखते ही देखते टंकी का सारा पानी खत्म हो गया | जब पानी से कुल्ला करने का समय आया, तो नल से पानी ही नहीं आया | तब वह दादाजी के पास गया और बोला- "दादाजी, नल में पानी नहीं आ रहा | अब क्या करूँ ? मुझे तो विद्यालय के लिए देर हो रही है |"

**प्रश्न 1. दिए गए गद्यांश में किस लड़के के बारे में बात की गई है ?**

**अ)** रमन ब**)** अमन **स)** राम द) श्याम

**प्रश्न 2. गद्यांश के अनुसार अमन कहाँ से उठा था?**

**अ)** कुर्सी से ब) सोफा से स) बिस्तर से द) फर्श से

**प्रश्न 3. गद्यांश के अनुसार अमन को क्या बर्बाद करने की आदत थी?**

अ) समय ब) खाना स) पानी द) मंजन

**प्रश्न 4. गद्यांश के अनुसार नीचे दिए गए वाक्यों में सही वाक्य चुनो-**

अ) अमन पानी भरता था | ब) अमन पानी बर्बाद करता था |

स) अमन को पता था की टंकी खाली हो जाएगी | द) अमन पानी बचाता था |

**प्रश्न 5. अमन को पानी के लिए परेशानी क्यों हुई ?**

अ) टंकी खाली हो गया था | ब) टंकी भर गया था

स) पानी गंदा था | द) पानी बहुत था

**प्रश्न 6. गद्यांश के अनुसार अमन क्या कर रहा था ?**

**अ)** भजन | ब) मंजन | स) व्यायाम | द) काम

**प्रश्न 7. अमन को कहाँ जाने के लिए देर हो रही थी ?**

**अ)** मंदिर | ब) विद्यालय | स) पार्क | द) ऑफिस

**प्रश्न 8. अमन ने किसे अपनी परेशानी बताई ?**

**अ)** दादीजी | ब) दादाजी | स) पिताजी | द) माताजी

**प्रश्न 9. गद्यांश में कौन-सा शब्द नहीं आया है?**

**अ)** दादाजी | ब) मंजन | स) समय | द) आदत

**प्रश्न 10. उपर्युक्त गद्यांश से हमें क्या सीख मिलती है?**

**अ)** पानी बर्बाद करना | ब) पानी बचाना चाहिए | स) पानी पीना | द) पानी बहाना

## ख) गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर/विकल्प चुनो। (प्रश्न 1-10 तक)

एक था राजा । राजा जी लकदक कपड़े पहनकर यूँ तो हज़ारों रुपए खर्च करते रहते थे, पर दान के वक्त उनकी मुट्ठी बंद हो जाती थी । राजसभा में एक से एक नामी लोग आते रहते थे, लेकिन गरीब, दुखी, विद्वान, सज्जन इनमें से कोई भी नहीं आता था क्योंकि वहाँ पर इनका बिल्कुल सत्कार नहीं होता था । एक बार उस देश में अकाल पड़ गया । पूर्वी सीमा के लोग भूखे-प्यासे मरने लगे । राजा के पास खबर आई । वे बोले- “यह तो भगवान की मार है, इसमें मेरा कोई हाथ नहीं है |”

**प्रश्न 1. राजा जी किन पर हजारों रुपए खर्च करते थे ?**

अ) दान पर | ब) प्रजा पर | स) गरीब पर | द) लकदक कपड़ों पर

**प्रश्न 2. राजा की मुट्ठी को दान के वक्त क्या हो जाता था ?**

**अ)** खुल जाती थी | ब) बड़ी हो जाती थी | स) बंद हो जाती थी | द) फैल जाती थी

**प्रश्न 3. राजा कैसा था ?**

अ) समझदार　　ब) कंजूस　　स) दानी　　द) गरीब

**प्रश्न 4. गरीब, दुखी, विद्वान, सज्जन कहाँ नहीं आते थे ?**

अ) घर　　ब) महल　　स) राजसभा　　द) मंदिर

**प्रश्न 5. एक बार देश में क्या समस्या आई थी ?**

अ) बाढ़　　ब) महामारी　　स) भूकंप　　द) अकाल

**प्रश्न 6. कहाँ के लोग भूखे-प्यासे मरने लगे ?**

अ) पूर्वी सीमा　　ब) पश्चिमी सीमा　　स) उत्तरी सीमा　　द) दक्षिणी सीमा

**प्रश्न 7. "यह तो भगवान की मार है, इसमें मेरा कोई हाथ नहीं है |" - यह कथन किसने कहा ?**

अ) प्रजा ने　　ब) राजा ने　　स) गरीब ने　　द) धनी ने

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से किसका राजसभा में सत्कार होता होगा ?**

अ) गरीब　　**ब)** दुखी　　**स)** सज्जन　　द) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 9. "मुट्ठी बंद हो जाती थी" का क्या अर्थ है?**

**अ)** दान देना　　ब) कंजूसी　　स) धनी　　द) खर्च करना

**प्रश्न 10. गद्यांश में कौन-सा शब्द नहीं आया है ?**

**अ)** राजा　　ब) विद्वान　　स) सज्जन　　द) महात्मा

## <u>पद्य-गद्य</u> (10)

### पूछे गए प्रश्न के उत्तर लिखें।

**प्रश्न 1. साल के किन-किन महीनों में ज़्यादा बादल छाते हैं ?** **1**

**प्रश्न 2. बादशाह अकबर के दरबार में सबसे बुद्धिमान मंत्री कौन था?** **1**

**प्रश्न 3. दिनेश को यह बात कैसे पता चली कि वह गेंद दीपक की हो ही नहीं सकती ? 2**

**प्रश्न 4. जमाल साहब अपने मामूली कपड़ों में बाहर क्यों नहीं जाना चाहते थे ? 2**

**प्रश्न 5. भैया ने नाव ना बनाने के लिए क्या बहाना किया और क्यों ? 2**

**प्रश्न 6. राजा किसी को भी दान क्यों नहीं देना चाहते थे ? 2**

## व्याकरण (15)

**प्रश्न 1. रेखांकित शब्द का लिंग बदलो - * वह एक समझदार <u>लड़का</u> है ।**

क) स्त्री ब) बालिका स) लड़की द) पुरुषा

**प्रश्न 2. कोष्ठक में दिए गए शब्द का वचन बदलकर लिखें ।**

*** हमें अच्छी __________ पढ़नी चाहिए । (किताब)**

क) कितबों ब) किताबिया स) किताबें द) कीताबिया

**प्रश्न 3. वाक्य में दिए गए मुहावरे का अर्थ है -**

*** कक्षा में अध्यापक के प्रश्न पूछने पर मोहन के <u>छक्के छूट गए</u> ।**

क) सोना ख) घबरा जाना ग) चिल्लाना घ) आँसू आना

**प्रश्न 4. कौन-सा शब्द 'राज' लगाकर नहीं बना है ?**

क) राजमहल ब) राजसभा स) रामकुमार द) राजकोष

**प्रश्न 5. नीचे दिए गए वाक्य में नाम वाला शब्द कौन-सा है ?** **⁎ ताजमहल बहुत ही सुंदर है |**

क) है　　ब) ही　　स) ताजमहल　　द) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 6. दिए गए वाक्य में रिक्त स्थान में उचित शब्द भरो | ⁎ ____ आइसक्रीम वाला बनूँगा |**

क) मैं　　ख) वह　　ग) स्वयं　　घ) वे

**प्रश्न 7. इनमें से काम वाला शब्द कौन-सा है ?**

अ) राजा　　ब) गरीब　　स) दीपक　　द) भरना

**प्रश्न 8. रेखांकित शब्द का पर्यायवाची शब्द बताइए -** **⁎ आकाश में काले <u>बादल</u> छाए हैं |**

अ) नभ　　ब) मेघ　　स) वर्षा　　द) तारे

**प्रश्न 9. वाक्य में रेखांकित शब्द का अर्थ बताइए -** **⁎ नसीरुद्दीन अपनी <u>भड़कीली</u> अचकन ले आए ।**

अ) सुंदर　　ब)चमकीला　　स)फीका　　द)पुराना

**प्रश्न 10. मुहावरा पूरा करो- ⁎ आजकल तुम नजर नहीं आते हो। तुम तो ______________ हो गए हो ।**

अ) आँख का तारा　　ब) ईद का चाँद　　स) आँख का कांटा　　द) छक्के छूट जाना

**प्रश्न 11. रेखांकित शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखो -** **⁎ <u>शेर</u> जंगल का राजा है ।**

क) वनराज　　ख) नरेश　　ग) नयन　　घ) पुत्र

**प्रश्न 12. तुक वाला शब्द बताओ -** **⁎ सोना -** _____________

क) खोया　　ख) रोना　　ग) पिया　　घ) सोया

**प्रश्न 13. अलग शब्द को छाँटिए -**

क) दिल्ली　　ख) जयपुर　　ग) हैदराबाद　　घ) अमेरिका

**प्रश्न 14. रेखांकित शब्द का विलोम छाँटो -** **⁎ यह <u>सवाल</u> बहुत अच्छा है ।**

क) जवाब　　ख) प्रश्न　　ग) उत्तर　　घ) असली

**प्रश्न 15. वाक्य में काम वाला शब्द छाँटो -** **⁎ वह बच्चा सारा दिन खेलता है ।**

क) बच्चा　　ख) वह　　ग) दिन　　घ) खेलता

# <u>सृजनात्मक लेखन</u> (10)


**प्रश्न 1. दिए गए शब्दों और चित्र की सहायता से पाँच वाक्य लिखें ।** **5**

**( नाव, पहाड़, पानी, घर, पेड़, सूर्य, बादल )**



**प्रश्न 2. दिए गए शब्दों की सहायता से चित्र को पहचानकर इसके बारे में पाँच वाक्य लिखें ।** **5**

**( पहरा, रखवाली, रात, डंडा, टॉर्च )**



1. यह एक ____________________________ का चित्र है।

# <u>वर्तनी</u> (10)

**रिक्त स्थान को भरिए ।**

**प्रश्न 1 बादशाह अकबर अपने _______ बीरबल को बहुत पसंद करते थे ।** **1**

अ) मंतरी ब) मंत्रि स) मनतरी द) मंत्री

**प्रश्न 2 दिनेश घर में बैठा कोई ________ पढ़ रहा था |** **1**

अ) कहानि ब) कहानी स) कहानियां द) काहानी

**प्रश्न 3 शुरू-शुरू में पापा _____________ बनना चाहते थे |** **1**

अ)चौकीदार ब)चौकिदार स)चौकीदर द)चोकीदार

**प्रश्न 4 अपनी इस मामूली सी _________ में मैं लोगों से नहीं मिल सकता |** **1**

अ)पोशक ब)पोशाक स) पोषक द) पोसाक

**प्रश्न 5 एक बार उस देश में _________ पड़ गया |** **1**

अ) अकल ब) अकला स) अकाल द) अक्ल

**दिए गए अक्षरों को सही क्रम में लगाकर अर्थपूर्ण शब्द बनाओ |** **1**

**प्रश्न 6) क न अ च - ____________________**

अ) अनकच ब) चनअक स) अचकन द) नचअक

**प्रश्न 7) आ क्री म स इ - _____________________** **1**

अ) क्रीसआइम ब) क्रीमआइस स) आइसक्रीम द) मइसआक्री

**प्रश्न 8) शब्द पूरा करो |** **क)** बुद्‌धिमा___ ख) वायु___न **2**

**प्रश्न 9. सही शब्द चुनकर वाक्य को पूरा करो ।** **1**

- राजसभा में एक से एक नामी _________ आते रहते थे| (लोग/लोगों)

# <u>शब्दकोश</u> (10)

**1. नीचे दिए गए वाक्यों में उचित शब्द छाँटकर लिखिए -** **2**

**I) जंगल में शेर का _______ चलता है । यह _______ की बात तुम किसी से मत कहना ।** **2**

**क)** राज़, राज **ख)** सवाल, राजा **ग)** राजा, राज **घ)** राज, राज़

**II) वह बहुत ________ है उसने कहा था की राम ने अपना पानी _______ कर दिया है ।**

**क)** झूठा, जूठा **ख)** जूठा, झूठा **ग)** अच्छा, बुरा घ) बुरा, अच्छा

**2. शब्द अंत्याक्षरी पूरा करो - 2**

किरमिच - _______________ - _______________ - _______________ - ______________

**3. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए - 2**

**⁕ जो कहानी लिखता है - ______________________**

**क)** अध्यापक **ख)** कहानीकार **ग)** विद्यालय **घ)** रेलगाड़ी

**⁕ जो कपड़े धोता है - ____________________**

क) विद्यालय ख) सैनिक ग) किसान घ) धोबी

**4. इन्हें क्या कहकर बुलाओगे - 2**

⁕ पापा के छोटे भाई को - _____________

⁕ माँ की माँ को - ______________

# सुलेख (5)

**नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर-सुंदर अक्षरों में लिखिए ।**

तिरंगा हमारा राष्ट्रीय झंडा है | इसमें तीन रंग है | इसके बीच में एक चक्र बना है | यह चक्र देश की प्रगति को दर्शाता है| इस चक्र का रंग गहरा नीला है | इसे अशोक की लाट से लिया गया है | झंडे का केसरिया रंग वीरता का प्रतीक है | तिरंगे का सफेद रंग शांति का संदेश देता है | झंडे का हरा रंग हमारी समृद्धि तथा हरियाली का प्रतीक है | तिरंगा हमारे देश की शान है | इसको मेरा शत-शत प्रणाम |